– अम्ल, लवण, स्नेह युक्त भोजन
– पुराण यव, गोधूम आदि, जांगल मांस, यूष आदि
– माध्वीक, अरिष्ट, अम्बु, माहेन्द्र जल आदि

विहार – प्रघर्ष, उद्वर्तन, स्नान, गन्ध माल्यादि का धारण
क्लेद विरहित स्थान पर आवास

शरद् ऋतुचर्या (Regimen for sharat - autumn)

आहार – मधुर, लघु, शीतल, तिक्त, पित्तप्रशमन आहार
– लाव, कपिञ्जल, एण आदि मांस, शाली, यव, गोधूम आदि
– तिक्त द्रव्यों से सिद्ध घृत
– हंसोदक का सेवन

विहार – पुष्पों की माला, निर्मल वस्त्रादि
– विरेचन, रक्तमोक्षण आदि।

षड् ऋतु सारांश

ऋतु	मास (Months)	अयन (Solstice)	English Months
शिशिर (Extreme winter)	माघ – फाल्गुन	उत्तरायण	January - February, February - March
वसन्त (Spring	चैत्र – वैशाख	उत्तरायण	March - April April - May
ग्रीष्म (Summer)	ज्येष्ठ – आषाढ़	उत्तरायण	May - June June - July

ऋतु	मास (Months)	अयन (Solstice)	English Months
वर्षा (Rainy-Season)	श्रावण - भाद्रपद	दक्षिणायन	July - August August - Sep.
शरद् (Autumn)	अश्विन - कार्तिक	दक्षिणायन	Sep. - Oct. Oct. - Nov.
हेमन्त (Early winter)	मार्गशीर्ष - पौष	दक्षिणायन	Nov. - Dec. Dec. - Jan.

हंसोदक (Hamsodaka)

- दिवा सूर्यांशुसंतप्तं निशि चन्द्रांशुशीतलम्।
  कालेन पक्वं निर्दोषमगस्त्येनाविषीकृतम्।।
  हंसोदकमिति ख्यातं शारदं विमलं शुचि।
  स्नानपानावगाहेषु हितमम्बु यथाऽमृतम्।। च.सू. 6.46-47

दिन में सूर्य की किरणों से तपा हुआ, रात्रि में चन्द्रमा की किरणों से शीतल, समय के परिपाक से सुपक्व अतएव निर्दोष जल और अगस्त्य के उदय होने के कारण जो विषरहित हो गया हो उसे हंसोदक कहते हैं। शरद् ऋतु में यह जल निर्मल एवं पवित्र होता है तथा इसका प्रयोग स्नान, पान एवं अवगाहन के लिए अमृत के समान है।

ओक सात्म्य (Oka satmya - Homologation)

- इत्युक्तमृतुसात्म्यं यच्चेष्टाहारव्यपाश्रयम्।
  उपशेते यदौचित्यादोकःसात्म्यं तदुच्यते।। च.सू. 6.49

आहार एवं विहार का सतत सेवन करने से उपशय अर्थात् सुख की प्राप्ति होती है। यह ओकसात्म्य है।

सात्म्य की परिभाषा
(Definition of satmya - habituation)

- देशानामामयानां च विपरीतगुणं गुणैः।
  सात्म्यमिच्छन्ति सात्म्यज्ञाश्चेष्टितं चाद्यमेव च।। च.सू. 6.50

• • •

7. नवेगान्धारणीयाध्याय

कुल श्लोक संख्या - 66

अधारणीय वेग (Urges not to be suppressed)

- न वेगान् धारयेद्धीमाञ्जातान् मूत्रपुरीषयोः।
  न रेतसो न वातस्य न छर्द्याः क्षवथोर्न च।।
  नोद्गारस्य न जृम्भाया न वेगान् क्षुत्पिपासयोः।
  न बाष्पस्य न निद्राया निःश्वासस्य श्रमेण च।। च.सू. 7.3-4

1. मूत्र (urine)
2. पुरीष (faces)
3. रेतस् (ejaculation)
4. वात (flatus)
5. छर्दि (vomiting)
6. क्षवथु (sneeze)

7. उद्गार (belching)
8. जृम्भा (yawning)
9. क्षुत् (hunger)
10. पिपासा (thirst)
11. बाष्प (lacrimation)
12. निद्रा (sleep)
13. श्रमज निःश्वास (exertional dyspnea)

मूत्र वेग (Urge for micturition)

वेग धारणजन्य विकार (Diseases)

- बस्तिमेहनयोः शूलं मूत्रकृच्छ्रं शिरोरुजा।
  विनामो वंक्षणानाहः स्याल्लिंगं मूत्रनिग्रहे।। च.सू. 7.6

चिकित्सा (Treatment)

- स्वेदावगाहनाभ्यंगान् सर्पिषश्चावपीडकम्।
  मूत्रे प्रतिहते कुर्यात्त्रिविधं बस्तिकर्म च।। च.सू. 7.7

पुरीष वेग (Urge for defecation)

वेग धारणजन्य विकार (Diseases)

- पक्वाशयशिरःशूलं वातवर्चोऽप्रवर्तनम्।
  पिण्डिकोद्वेष्टनाध्मानं पुरीषे स्याद्विधारिते।। च.सू. 7.8

चिकित्सा (Treatment)

- स्वेदाभ्यंगावगाहाश्च वर्तयो बस्तिकर्म च।
  हितं प्रतिहते वर्चस्यन्नपानं प्रमाथि च।। च.सू. 7.9

शुक्र वेग (Urge for semen)

वेग धारणजन्य विकार (Diseases)

- मेढ्रे वृषणयोः शूलमंगमर्दो हृदि व्यथा।
  भवेत् प्रतिहते शुक्रे विबद्धं मूत्रमेव च।। च.सू. 7.10

चिकित्सा (Treatment)

- तत्राभ्यंगोऽवगाहश्च मदिरा चरणायुधाः।
  शालिः पयो निरूहश्च शस्तं मैथुनमेव च।। च.सू. 7.11

अधोवायु वेग (Urge for flatus)

वेग धारणजन्य विकार (Diseases)

- संगो विण्मूत्रवातानामाध्मानं वेदना क्लमः।
  जठरे वातजाश्चान्ये रोगाः स्युर्वातनिग्रहात्।। च.सू. 7.12

चिकित्सा (Treatment)

- स्नेहस्वेदविधिस्तत्र वर्तयो भोजनानि च।
  पानानि बस्तयश्चैव शस्तं वातानुलोमनम्।। च.सू. 7.13

छर्दि वेग (Urge for vomiting)

वेग धारणजन्य विकार (Diseases)

- कण्डूकोठारुचिव्यंगशोथपाण्ड्वामयज्वराः।
  कुष्ठहृल्लासवीसर्पाश्छर्दिनिग्रहजा गदाः।। च.सू. 7.14

चिकित्सा (Treatment)

- भुक्त्वा प्रच्छर्दनं धूमो लंघनं रक्तमोक्षणम्।
  रूक्षान्नपानं व्यायामो विरेकश्चात्र शस्यते।। च.सू. 7.15

क्षवथु वेग (Urge for sneezing)

वेग धारणजन्य विकार (Diseases)

- मन्यास्तम्भः शिरःशूलमर्दितार्धावभेदकौ।
  इन्द्रियाणां च दौर्बल्यं क्षवथोः स्याद्विधारणात्।। च.सू. 7.16

चिकित्सा (Treatment)

- तत्रोर्ध्वजत्रुकेऽभ्यंगः स्वेदो धूमः सनावनः।
  हितं वातघ्नमाद्यं च घृतं चौत्तरभक्तिकम्।। च.सू. 7.17

उद्गार वेग (Urge for belching)

वेग धारणजन्य विकार एवं चिकित्सा
(Diseases and its treatment)

- हिक्का श्वासोऽरुचिः कम्पो विबन्धो हृदयोरसोः।
  उद्गारनिग्रहात्तत्र हिक्कायास्तुल्यमौषधम्।। च.सू. 7.18

जृम्भा वेग (Urge for yawning)

वेग धारणजन्य विकार एवं चिकित्सा
(Diseases and treatment)

- विनामाक्षेपसंकोचाः सुप्तिः कम्पः प्रवेपनम्।
  जृम्भाया निग्रहात्तत्र सर्वं वातघ्नमौषधम्।। च.सू. 7.19

क्षुधा वेग (Urge for hunger)

वेग धारणजन्य विकार एवं चिकित्सा
(Diseases and treatment)

- कार्श्यदौर्बल्यवैवर्ण्यमंगमर्दोऽरुचिर्भ्रमः।
  क्षुद्वेगनिग्रहात्तत्र स्निग्धोष्णं लघु भोजनम्।। च.सू. 7.20

पिपासा वेग (Urge for thirst)

वेग धारणजन्य विकार एवं चिकित्सा
(Diseases and treatment)

- कण्ठास्यशोषो बाधिर्यं श्रमः सादो हृदि व्यथा।
  पिपासानिग्रहात्तत्र शीतं तर्पणमिष्यते।। च.सू. 7.21

बाष्प वेग (Urge for tears)

वेग धारणजन्य विकार एवं चिकित्सा
(Diseases and treatment)

- प्रतिश्यायोऽक्षिरोगश्च हृद्रोगश्चारुचिर्भ्रमः।
  बाष्पनिग्रहणात्तत्र स्वप्नो मद्यं प्रियाः कथाः।। च.सू. 7.22

निद्रा वेग (Urge for sleep)

वेग धारणजन्य विकार एवं चिकित्सा
(Diseases and treatment)

- जृम्भाऽंगमर्दस्तन्द्रा च शिरोरोगोऽक्षिगौरवम्।
  निद्राविधारणात्तत्र स्वप्नः संवाहनानि च।। च.सू. 7.23

श्रमज निःश्वास वेग (Urge for dyspnea on exertion)

वेग धारणजन्य विकार एवं चिकित्सा
(Diseases and treatment)

- गुल्महृद्रोगसंमोहाः श्रमनिःश्वासधारणात्।
  जायन्ते तत्र विश्रामो वातघ्न्यश्च क्रिया हिताः।। च.सू. 7.24

वेग	वेग धारणजन्य विकार	चिकित्सा
मूत्र	-बस्ति एवं मेहन शूल-मूत्रकृच्छ्र -शिरोरुक्-विनाम-वंक्षण में आनाह	-स्वेदन-अवगाहन-अभ्यंग-अवपीड-सर्पिष्पान-त्रिविध बस्तिकर्म
पुरीष	-पक्वाशय एवं शिरःशूल-वायु एवं पुरीष का अप्रवर्तन-पिण्डिकोद्वेष्टन-आध्मान	-स्वेद-अभ्यंग-अवगाह-वर्ति प्रयोग-बस्तिकर्म-प्रमाथि अन्नपान
शुक्र	- मेढ्र एवं वृषण में शूल-अंग-मर्द-हृद्व्यथा-मूत्र में विबद्धता	- अभ्यंग-अवगाह-मदिरा पान-चरणायुध, शालि एवं दुग्ध का सेवन-मैथुन

वेग	वेग धारणजन्य विकार	चिकित्सा
अपान-वायु	- पुरीष, मूत्र एवं वात का विबन्ध-आध्मान-जठर वेदना-क्लम- वातज रोग	-स्नेहन-स्वेदन-वर्ति प्रयोग-वातानुलोमक अन्न पान-बस्ति प्रयोग
छर्दि	-कण्डू-कोठ-अरुचि-व्यंग-शोथ-पाण्डु-ज्वर-कुष्ठ-हृल्लास-विसर्प	- भोजन कराकर वमन-धूमपान-लंघन-रक्तमोक्षण-रूक्ष अन्नपान-व्यायाम-विरेचन
क्षवथु	-मन्यास्तम्भ-शिर:शूल-अर्दित-अर्धावभेदक-इन्द्रिय दौर्बल्य	-जत्रु ऊर्ध्व क्षेत्र में अभ्यंग एवं स्वेदन-धूमपान-नस्य-वातघ्न विधि-उत्तरभक्तिक घृत पान
उद्गार	-हिक्का-श्वास-अरुचि-कम्प-हृदय एवं उरस् में विबन्ध	- हिक्का वत् चिकित्सा
जृम्भा	-विनाम-आक्षेप-संकोच-सुप्ति-कम्प-प्रवेपन	- सर्व वातघ्न औषधि
क्षुधा	-कार्श्य-दौर्बल्य-वैवर्ण्य-अंगमर्द-अरुचि-भ्रम	-स्निग्ध, उष्ण एवं लघु भोजन
पिपासा	- कण्ठ एवं मुख में शोष-बाधिर्य-श्रम-साद-हृद्व्यथा	- शीत एवं तर्पण चिकित्सा
बाष्प	-प्रतिश्याय-अक्षिरोग-हृद्रोग-अरुचि-भ्रम	- स्वप्न-मद्य-प्रिय कथा श्रवण

वेग	वेग धारणजन्य विकार	चिकित्सा
निद्रा	- जृम्भा-अंगमर्द-तन्द्रा-शिरो रोग-अक्षि गौरव	- स्वप्न-संवाहन
श्रमज नि:श्वास	- गुल्म-हृद्रोग-सम्मोह	- विश्राम-वातघ्न क्रिया

धारणीय वेग (Urges that should be suppressed)

- **इमांस्तु धारयेद्वेगान् हितार्थी प्रेत्य चेह च।**
  साहसानामशस्तानां मनोवाक्कायकर्मणाम्।। च.सू. 7.26

धारणीय मानसिक वेग

(Suppressible urges pertaining to mind)

- **लोभशोकभयक्रोधमानवेगान् विधारयेत्।**
  नैर्लज्ज्येर्ष्यातिरागाणामभिध्यायाश्च बुद्धिमान्।। च.सू. 7.27

धारणीय वाचिक वेग

(Suppressible urges pertaining to speech)

- **परुषस्यातिमात्रस्य सूचकस्यानृतस्य च।**
  वाक्यस्याकालयुक्तस्य धारयेद्वेगमुत्थितम्।। च.सू. 7.28

धारणीय शारीरिक वेग

(Suppressible urges pertaining to body)

- **देहप्रवृत्तिर्या काचिद्विद्यते परपीडया।**
  स्त्रीभोगस्तेयहिंसाद्या तस्यावेगान्विधारयेत्।। च.सू. 7.29

धारणीय मानसिक वेग	– लोभ – शोक – भय – क्रोध – मान – नैर्लज्य – ईर्ष्या – अतिराग – अभिध्या
धारणीय वाचिक वेग	– परुष – अत्यधिक – सूचक – अनृत – अकाल वचन
धारणीय शारीरिक वेग	– परपीडा – परस्त्रीभोग – स्तेय – हिंसा

व्यायाम (Vyayama - exercise)

परिभाषा (Definition)

- **शरीरचेष्टा या चेष्टा स्थैर्यार्था बलवर्धिनी।**
  देहव्यायामसंख्याता मात्रया तां समाचरेत्।। च.सू. 7.31

शरीर की जो चेष्टा मन को प्रिय होते हुए स्थिरता एवं बल का वर्धन करती है वह व्यायाम है।

लाभ (Benefits)

- **लाघवं कर्मसामर्थ्यं स्थैर्यं दुःखसहिष्णुता।**
  दोषक्षयोऽग्निवृद्धिश्च व्यायामादुपजायते।। च.सू. 7.32

– लाघव – कर्म सामर्थ्य – स्थैर्य – दुःख सहिष्णुता
– दोषक्षय – अग्नि वृद्धि

अधिक व्यायाम से हानि (Ill - effects of excessive exercise)

- **श्रमः क्लमः क्षयस्तृष्णा रक्तपित्तं प्रतामकः।**
  अतिव्यायामतः कासो ज्वरश्छर्दिश्च जायते।। च.सू. 7.33

– श्रम – क्लम – क्षय – तृष्णा – रक्तपित्त
– प्रतामक – कास – ज्वर – छर्दि

लक्षण (Features)

- **स्वेदागमः श्वासवृद्धिर्गात्राणां लाघवं तथा।**
  हृदयाद्युपरोधश्च इति व्यायामलक्षणम्।। च.सू. 7.33(1)

– स्वेदागम – श्वास वृद्धि – गात्र लाघव – हृदयाद्युपरोध

हिताऽहित का सेवन एवं उसकी त्याग विधि (Methodology for customization of apt and inapt diet)

- **उचितादहिताद्धीमान् क्रमशो विरमेन्नरः।**
  हितं क्रमेण सेवेत क्रमश्चात्रोपदिश्यते।।
  प्रक्षेपापचये ताभ्यां क्रमः पादांशिको भवेत्।
  एकान्तरं ततश्चोर्ध्वं द्व्यन्तरं त्र्यन्तरं तथा।। च.सू. 7.36-37

विवेकशील पुरुष को चाहिये कि वह उचित किन्तु अहित आहार-विहारों से क्रमसः अपने को पृथक् करे और सर्वथा हितकर आहार-विहारों का सेवन प्रारम्भ करे। प्रक्षेप और अपचय के लिए पादांशिक क्रम का आश्रय लेना चाहिए। तदनन्तर एक दिन, दो दिन तथा तीन दिन का अन्तर देकर अहित पदार्थों के त्याग तथा हितकर पदार्थों की वृद्धि का क्रम रखें।

देह प्रकृति (Deha prakrti - personality)

- समपित्तानिलकफाः केचिद्गर्भादि मानवाः।
  दृश्यन्ते वातलाः केचित्पित्तलाः श्लेष्मलास्तथा।।
  तेषामनातुराः पूर्वे वातलाद्याः सदातुराः।
  दोषानुशयिता ह्येषां देहप्रकृतिरुच्यते।। च.सू. 7.39-40

सम प्रकृति	अनातुर
वातज प्रकृति	सदातुर
पित्तज प्रकृति	सदातुर
कफज प्रकृति	सदातुर

मलायन (Malayana - routes of waste evacuation)

- द्वे अधः सप्त शिरसि खानि स्वेदमुखानि च।
  मलायनानि बाध्यन्ते दुष्टैर्मात्राधिकैर्मलैः।। च.सू. 7.42

कुल संख्या – 9

- अधोभाग में – 2
- शिरः प्रदेश में – 7

दोष निर्हरण काल (Schedule for ridding of doshas)

- माधवप्रथमे मासि नभस्यप्रथमे पुनः।
  सहस्यप्रथमे चैव हारयेद्दोषसंचयम्।। च.सू. 7.46

1. माधव के प्रथम मास (चैत्र) में
2. नभस्य के प्रथम मास (श्रावण) में
3. सहस्य के प्रथम मास (मार्गशीर्ष) में

रसायन एवं वाजीकरण चिकित्सा के पूर्वकर्म (Pre-operative measures for rasayana etc.)

- स्निग्धस्विन्नशरीराणामूर्ध्वं चाधश्च नित्यशः।
  बस्तिकर्म ततः कुर्यान्नस्यकर्म च बुद्धिमान्।।
  यथाक्रमं यथायोग्यमत ऊर्ध्वं प्रयोजयेत्।
  रसायनानि सिद्धानि वृष्ययोगांश्च कालवित्।। च.सू. 7.47-48

– स्नेहन – स्वेदन – वमन – विरेचन
– बस्तिकर्म – नस्य

आगन्तुज रोग के कारण (Causes for agantu rogas)

- ये भूतविषवाय्वग्निसंप्रहारादिसंभवाः।
  नृणामागन्तवो रोगाः प्रज्ञा तेष्वपराध्याति।। च.सू. 7.51

– भूत – विष – वायु – अग्नि – संप्रहार – प्रज्ञापराध

मानस रोग के कारण (Causes for mental diseases)

- ईर्ष्याशोकभयक्रोधमानद्वेषादयश्च ये।
  मनोविकारास्तेऽप्युक्ताः सर्व प्रज्ञापराधजाः।। च.सू. 7.52

– ईर्ष्या – शोक – भय – क्रोध – मान – द्वेष आदि – प्रज्ञापराध

आगन्तुज रोगों के अनुत्पत्ति के उपाय

(Preventive measures for agantu diseases)

- त्यागः प्रज्ञापराधानामिन्द्रियोपशमः स्मृतिः।
  देशकालात्मविज्ञानं सद्वृत्तस्यानुवर्तनम्।।
  आगन्तूनामनुत्पत्तावेष मार्गो निदर्शितः।
  प्राज्ञः प्रागेव तत् कुर्याद्धितं विद्याद्यदात्मनः।। च.सू. 7.53–54

– प्रज्ञापराध का त्याग – इन्द्रिय उपशम – स्मृति – देश, काल और आत्म का विज्ञान – सद्वृत्त का अनुवर्तन

दधि सेवन के नियम (Rules for consuming curd)

- न नक्तं दधि भुञ्जीत न चाप्यघृतशर्करम्।
  नामुद्गयूषं नाक्षौद्रं नोष्णं नामलकैर्विना।। च.सू. 7.61

– रात्रि में – घृत एवं शर्करा मिलाये बिना – मुद्गयूष मिलाये बिना – मधु के बिना – उष्ण करके – आमलकी मिलाये बिना दधि सेवन नहीं करना चाहिए।

• • •

8. इन्द्रियोपक्रमणीयाध्याय

कुल श्लोक संख्या–34

इन्द्रिय पञ्च पञ्चक (Pancha-panchaka of indriyas)

इन्द्रिय	इन्द्रिय द्रव्य	इन्द्रिय अधिष्ठान	इन्द्रिय अर्थ	इन्द्रिय बुद्धि
श्रोत्र	आकाश	कर्ण	शब्द	शब्द ज्ञान
स्पर्शन	वायु	त्वक्	स्पर्श	स्पर्श ज्ञान
चक्षु	अग्नि	नेत्र	रूप	रूप ज्ञान
रसना	जल	जिह्वा	रस	रस ज्ञान
घ्राण	पृथिवी	नासिका	गन्ध	गन्ध ज्ञान

मन (Manas - mind)

- अतीन्द्रियं पुनर्मनः सत्त्वसंज्ञकं, 'चेतः' इत्याहुरेके, तदर्थात्मसंपदायत्तचेष्टं चेष्टाप्रत्ययभूतमिन्द्रियाणाम्।। च.सू. 8.4

अध्यात्म द्रव्य (Adhyatma dravyas)

- मनो मनोर्थो बुद्धिरात्मा चेत्यध्यात्मद्रव्यगुणसंग्रहः शुभाशुभ-प्रवृत्तिनिवृत्तिहेतुश्च, द्रव्याश्रितं च कर्म; यदुच्यते क्रियेति।।

च.सू. 8.13

मन	मन के अर्थ	बुद्धि	आत्मा

इन्द्रिय का ज्ञान (Knowledge of indriyas)

- तत्रानुमानगम्यानां पञ्चमहाभूतविकारसमुदायात्मकानामपि सतामिन्द्रियाणां तेजश्चक्षुषि, खं श्रोत्रे, घ्राणे क्षितिः, आपो रसने, स्पर्शनेऽनिलो विशेषेणोपपद्यते। च.सू. 8.14

अनुमान द्वारा जानने योग्य सभी ज्ञानेन्द्रियां यद्यपि पञ्चमहाभूतों के विकार के ही समुदाय रूप हैं। फिर भी विशेष रूप से नेत्र में तेज, कर्ण में आकाश, नासिका में पृथिवी, रसना में जल और स्पर्शन में वायु रहता है।

सद्वृत्त के 2 लाभ (Two benefits of sadvrtta)

- तद्द्वयनुतिष्ठन् युगपत् संपादयत्यर्थद्वयमारोग्यमिन्द्रियविजयं चेति; तत् सद्वृत्तमखिलेनोपदेक्ष्यामोऽग्निवेश! च.सू. 8.18

1. आरोग्य
2. इन्द्रिय विजय

कतिपय प्रमुख सद्वृत्त (Some important sadvrttas)

1. दोनों समय स्नान एवं सन्ध्या करें।

2. मलायनों एवं पैरों को स्वच्छ रखें।
3. प्रत्येक पक्ष में तीन बार केश, श्मश्रु, लोम और नखों को काटें।
4. स्वयं पहले बोलने का अभ्यास रखें।
5. हेतु की ईर्ष्या करें, न कि फल की।
6. सामने चार हाथ की दूरी तक देखकर चलें।
7. झूठ न बोलें।
8. गर्भ को मारनेवाले, क्षुद्र स्वभाव वाले और दुष्ट पुरुषों के साथ न बैठें।
9. शब्दयुक्त अपानवायु का त्याग न करें।
10. महान् पुरुषों से विरोध न करें और नीच पुरुषों की सेवा करें।
11. दधि, मधु, लवण, सक्तु और घृत को छोड़कर अन्य भोज्य पदार्थ को कुछ न कुछ मात्रा में भोजन की थाली में छोड़ देना चाहिए।
12. रात्रि में दधि सेवन न करें।
13. स्त्रियों का अपमान न करें और न उनका अधिक विश्वास करें; स्त्रियों को गुप्त बातें न सुनायें और न उनको पूरा अधिकार दें।
14. अधिक समय का त्याग न करें।
15. सन्ध्या काल में अभ्यवहार, अध्ययन, स्त्री और स्वप्न का सेवन न करें।
16. कार्य के लिए निश्चित् समय का अतिक्रमण न करें।
17. ब्रह्मचर्य, ज्ञान, दान, मैत्री, कारुण्य, हर्ष, उपेक्षा और प्रशम (शान्ति) में सब तत्पर रहें।

• • •

9. खुड्डाकचतुष्पादाध्याय

कुल श्लोक संख्या–28

चतुष्पाद (Chatushpada - four limbs of treatment)

- भिषग्द्रव्याण्युपस्थाता रोगी पादचतुष्टयम्।
  गुणवत् कारणं ज्ञेयं विकारव्युपशान्तये।। च.सू. 9.3

चतुष्पाद			
भिषक्	द्रव्य	उपस्थाता	रोगी

विकार एवं प्रकृति (Vikara & Prakrti)

- विकारो धातुवैषम्यं, साम्यं प्रकृतिरुच्यते।
  सुखसंज्ञकमारोग्यं, विकारो दुःखमेव च।। च.सू. 9.4
  - विकार → धातुवैषम्य
  - प्रकृति → धातुसाम्य
  - आरोग्य → सुखसंज्ञक
  - विकार → दुःख संज्ञक

चिकित्सा की परिभाषा

(Definition of Chikitsa - treatment)

- चतुर्णां भिषगादीनां शस्तानां धातुवैकृते।
  प्रवृत्तिर्धातुसाम्यार्था चिकित्सेत्यभिधीयते।। च.सू. 9.5

धातुओं के विकृत हो जाने पर प्रशस्त वैद्य आदि चार पादों की धातुओं को समान करने के लिए जो क्रिया की जाती है, उसे चिकित्सा कहते हैं।

चिकित्सक के गुण

(Qualities of Chikitsaka - physician)

- श्रुते पर्यवदातत्वं बहुशो दृष्टकर्मता।
  दाक्ष्यं शौचमिति ज्ञेयं वैद्ये गुणचतुष्टयम्।। च.सू. 9.6

द्रव्य के गुण (Qualities of Dravya - drugs)

- बहुता तत्रयोग्यत्वमनेकविधकल्पना।
  संपच्चेति चतुष्कोऽयं द्रव्याणां गुण उच्यते।। च.सू. 9.7

परिचारक के गुण

(Qualities of Paricharaka - attendant)

- उपचारज्ञता दाक्ष्यमनुरागश्च भर्तरि।
  शौचं चेति चतुष्कोऽयं गुणः परिचरे जने।। च.सू. 9.8

रोगी के गुण (Qualities of Rogi - patient)

- स्मृतिर्निर्देशकारित्वमभीरुत्वमथापि च।
  ज्ञापकत्वं च रोगाणामातुरस्य गुणाः स्मृताः।। च.सू. 9.9

तालिका-चतुष्पाद के गुण
(Qualities of four limbs of Treatment)

चिकित्सक	द्रव्य	परिचारक	रोगी
शास्त्र का परिज्ञान	बहुता	उपचारज्ञता	स्मृतिवान्
बहुदृष्टकर्मता	योग्यता	दक्षता	निर्देशकारिता
दक्षता	अनेकविध कल्पना	भर्तृ अनुराग	अभीरुता
शौच	सम्पत्	शौच	ज्ञापकता

प्राणाभिसर वैद्य (Pranabhisara Vaidya)

- तस्माच्छास्त्रेऽर्थविज्ञाने प्रवृत्तौ कर्मदर्शने।
  भिषक् चतुष्टये युक्तः प्राणाभिसर उच्यते।। च.सू. 9.18
  - अर्थविज्ञान युक्त -कर्मदर्शन युक्त -भिषक् चतुष्टय युक्त

राजार्ह भिषक् (Court physician)

- हेतौ लिंगे प्रशमने रोगाणामपुनर्भवे।
  ज्ञानं चतुर्विधं यस्य स राजार्हो भिषक्तमः।। च.सू. 9.19

हेतु में, लिंग में, रोगों को शान्त करने में और पुनः उत्पन्न न होने देने में जो पूर्ण ज्ञान रखता है, वह सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक ही राजार्ह होता है।

उत्तम चिकित्सक के गुण (Qualities of good physician)

- विद्या वितर्को विज्ञानं स्मृतिस्तत्परता क्रिया।
  यस्यैते षड्गुणास्तस्य न साध्यमतिवर्तते।।
  विद्या मतिः कर्मदृष्टिरभ्यासः सिद्धिराश्रयः।
  वैद्यशब्दाभिनिष्पत्तावलमेकैकमप्यतः।। च.सू. 9.21-22
  - विद्या -वितर्क -विज्ञान -स्मृति
  - तत्परता -क्रिया

वैद्य की 4 वृत्तियां (Four disciplines of a physician)

- मैत्री कारुण्यमार्तेषु शक्ये प्रीतिरुपेक्षणम्।
  प्रकृतिस्थेषु भूतेषु वैद्यवृत्तिश्चतुर्विधेति।। च.सू. 9.26
  - मैत्री -कारुण्य -आर्तेषु प्रीति -शक्येरुपेक्षणम्

• • •

10. महाचतुष्पादाध्याय

कुल श्लोक संख्या–24

महत्त्वपूर्ण श्लोक (Important shlokas)

- परीक्ष्यकारिणो हि कुशला भवन्ति। च.सू. 10.5

रोगों के भेद (Classification of diseases)



साध्य रोग के भेद (Types of curable diseases)



सुखसाध्य रोग के लक्षण (Features of sukhasadhya roga)

- हेतवः पूर्वरूपाणि रूपाण्यल्पानि यस्य च।
  न च तुल्यगुणो दूष्यो न दोषः प्रकृतिर्भवेत्।।
  न च कालगुणस्तुल्यो न देशो दुरुपक्रमः।
  गतिरेका नवत्वं च रोगस्योपद्रवो न च।।
  दोषश्चैकः समुत्पत्तौ देहः सर्वौषधक्षमः।
  चतुष्पादोपपत्तिश्च सुखसाध्यस्य लक्षणम्।। च.सू. 10.11–13
  - अल्प हेतु, पूर्वरूप एवं रूप वाला
  - दोष एवं दूष्य तुल्य गुण वाले न हों
  - रोग तथा विकृत दोष के गुण–काल के गुणों के अनुसार न हों
  - दुरुपक्रम देश में स्थित न हो
  - एक मार्ग में स्थित रोग
  - नवीन रोग
  - उपद्रव विरहित रोग
  - एक दोषज रोग
  - सर्वौषधक्षम देह
  - चतुष्पाद सुलभ हों।

कृच्छ्रसाध्य रोग के लक्षण
(Features of krcchra sadhya roga)

- निमित्तपूर्वरूपाणां रूपाणां मध्यमे बले।
  कालप्रकृतिदूष्याणां सामान्येऽन्यतमस्य च।।
  गर्भिणीवृद्धबालानां नात्युपद्रवपीडितम्।
  शस्त्रक्षाराग्निकृत्यानामनवं कृच्छ्रदेशजम्।।
  विद्यादेकपथं रोगं नातिपूर्णचतुष्पदम्।
  द्विपथं नातिकालं वा कृच्छ्रसाध्यं द्विदोषजम्।। च.सू. 10.14-16
  - निमित्त, पूर्वरूप और रूप का मध्यम बल होना
  - काल, प्रकृति और दूष्य में किसी एक का दोष के समान होना
  - गर्भिणी, वृद्ध, बाल रोगी
  - उपद्रव से पीड़ित न होना
  - शस्त्र, क्षार, अग्नि द्वारा सिद्ध रोग
  - अनव रोग
  - कृच्छ्रदेश में स्थित रोग
  - एक पथ में आश्रित रोग
  - चिकित्सा चतुष्पाद पूर्ण न होना
  - द्विपथ में स्थित रोग
  - नातिकाल रोग
  - द्विदोषज रोग

याप्य रोग के लक्षण (Features of yapya roga)

- शेषत्वादायुषो याप्यमसाध्यं पथ्यसेवया।
  लब्धाल्पसुखमल्पेन हेतुनाऽऽशुप्रवर्तकम्।।
  गम्भीरं बहुधातुस्थं मर्मसन्धिसमाश्रितम्।
  नित्यानुशायिनं रोगं दीर्घकालमवस्थितम्।।
  विद्याद्द्विदोषजम्। च.सू. 10.17-19
  - आयु शेष होना
  - पथ्य सेवन से सुख पाकर पुनः अपथ्य सेवन से रोग का बढ़ जाना
  - गम्भीर धातुओं में स्थित रोग
  - बहुत सारे धातुओं में स्थित रोग
  - मर्म एवं सन्धि में आश्रित रोग
  - नित्य अनुशायी रोग
  - दीर्घकाल तक स्थित रोग
  - द्विदोषज रोग

प्रत्याख्येय रोग के लक्षण
(Features of pratyakhyeya roga)

- तद्वत् प्रत्याख्येयं त्रिदोषजम्।
  क्रियापथमतिक्रान्तं सर्वमार्गानुसारिणम्।।

औत्सुक्यारतिसंमोहकरमिन्द्रियनाशनम्।
दुर्बलस्य सुसंवृद्धं व्याधिं सारिष्टमेव च।। च.सू. 10.19-20

- त्रिदोषज रोग
- चिकित्सा पथ का अतिक्रान्त होना
- सभी रोगमार्गों में आश्रित रोग
- औत्सुक्य, अरति, संमोहकर रोग
- इन्द्रिय नाश
- दुर्बल रोगी
- संवृद्ध एवं अरिष्ट से युक्त रोग।

• • •

11. तिस्त्रैषणीयाध्याय

कुल श्लोक संख्या-65

त्रिविध एषणा (Three basic desires of life)

- इह खलु पुरुषेणानुपहतसत्त्वबुद्धिपौरुषपराक्रमेण हितमिह चामुष्मिंश्च लोके समनुपश्यता तिस्र एषणाः पर्येष्टव्या भवन्ति। तद्यथा-प्राणैषणा, धनैषणा, परलोकैषणेति।। च.सू. 11.3

एषणा		
प्राणैषणा	धनैषणा	परलोकैषणा

प्रत्यक्ष भावों की अल्पता (Limited objects of perception)

- प्रत्यक्षं ह्यल्पम्; अनल्पमप्रत्यक्षमस्ति, यदागमानुमानयुक्तिभिरुपलभ्यते; यैरेव तावदिन्द्रियैः प्रत्यक्षमुपलभ्यते, तान्येव सन्ति चाप्रत्यक्षाणि।। च.सू. 11.7

प्रत्यक्ष ज्ञान बहुत अल्प होता है और अप्रत्यक्ष ज्ञान अनल्प अर्थात् अत्यधिक होते हैं।

प्रत्यक्ष बाधक 8 भाव

(Eight factors obstructing perception)

- सतां च रूपाणामतिसन्निकर्षादतिविप्रकर्षादावरणात् करण-दौर्बल्यान्मनोनवस्थानात् समानाभिहारादभिभवादति-सौक्ष्म्याच्च प्रत्यक्षानुपलब्धिः; तस्मादपरीक्षितमेतदुच्यते-प्रत्यक्षमेवास्ति, नान्यदस्तीति।। च.सू. 11.8

1. अतिसन्निकर्षात् 2. अतिविप्रकर्षात्
3. आवरणात् 4. करणदौर्बल्यात्
5. मनोऽनवस्थानात् 6. समानाभिहारात्
7. अभिभवात् 8. अतिसौक्ष्म्यात्

चतुर्विध परीक्षा

(Four types of pariksha - examination tools)

- द्विविधमेव खलु सर्वं सच्चासच्च; तस्य चतुर्विधा परीक्षा-आप्तोपदेशः, प्रत्यक्षम्, अनुमानं, युक्तिश्चेति।। च.सू. 11.17

चतुर्विधा परीक्षा			
आप्तोपदेश	प्रत्यक्ष	अनुमान	युक्ति

आप्त का लक्षण (Features of apta - authority)

- आप्तास्तावत् -

रजस्तमोभ्यां निर्मुक्तास्तपोज्ञानबलेन ये।
येषां त्रिकालममलं ज्ञानमव्याहतं सदा।।
आप्ताः शिष्टा विबुद्धास्ते तेषां वाक्यमसंशयम्।
सत्यं, वक्ष्यन्ति ते कस्मादसत्यं नीरजस्तमाः।। च.सू. 11.18-19

जो अपनी तपस्या और ज्ञान के बल से रज एवं तम दोषों से निःशेषरूप से निर्मुक्त हैं, जिनको भूत, भविष्य और वर्तमान तीनों काल का ज्ञान है; जिनका ज्ञान सदा अव्याहत (आकुण्ठित) है, वे ही आप्त, शिष्ट तथा विबुद्ध हैं। उनके वचन निःसन्देह सत्य हैं। कारण यह है, कि वे रजोगुण तथा तमोगुण इन दोनों दोषों से निर्मुक्त होने के कारण असत्य भाषण क्यों करेंगे।

प्रत्यक्ष का लक्षण (Features of pratyaksha - perception)

- आत्मेन्द्रियमनोर्थानां सन्निकर्षात् प्रवर्तते।
  व्यक्ता तदात्वे या बुद्धिः प्रत्यक्षं सा निरुच्यते।। च.सू. 11.20

आत्मा, इन्द्रिय (ज्ञानेन्द्रिय), मन तथा इन्द्रियार्थों (शब्दादि) के सन्निकर्ष से जो बुद्धि (ज्ञान) व्यक्त होती है उसे प्रत्यक्ष कहते हैं।

अनुमान का लक्षण (Features of anumana - inference)

- प्रत्यक्षपूर्वं त्रिविधं त्रिकालं चानुमीयते।
  वह्निर्निगूढो धूमेन मैथुनं गर्भदर्शनात्।।

एवं व्यवस्यन्त्यतीतं बीजात् फलमनागतम्।
दृष्ट्वा बीजात् फलं जातमिहैव स-शं बुधाः।। च.सू. 11.21-22

अनुमान प्रत्यक्षपूर्वक होता है। जिसका प्रत्यक्ष हुआ रहता है, उसी का अनुमान होता है। यह तीन प्रकार का तथा त्रैकालिक होता है। उदाहरण: धूम से गूढ़ वह्नि का अनुमान वर्तमानकालिक, गर्भ दर्शन से मैथुन का अनुमान भूतकालिक तथा बीज से उत्पन्न होने वाले फल का अनुमान भविष्यत् कालीन है।

युक्ति (Yukti - reasoning)

उदाहरण (Examples)

- **जलकर्षणबीजर्तुसंयोगात् सस्यसंभवः।**
  युक्तिः षड्धातुसंयोगाद्गर्भाणां संभवस्तथा।।
  मथ्यमन्थन(क)मन्थानसंयोगादग्निसंभवः।
  युक्तियुक्ता चतुष्पादसंपद्व्याधिनिबर्हणी।। च.सू. 11.23-24
- जल, भूमि, कर्षण (कर्षणसंकृतभूमिः), बीज और ऋतु के संयोग से सस्योत्पत्ति होना
- षड्धातु, पञ्चमहाभूत और आत्मा के संयोग से गर्भ की उत्पत्ति होना
- मथ्य, मन्थक तथा मन्थान संयोग से अग्नि की उत्पत्ति होना
- युक्ति से युक्त वैद्य, उपस्थाता, रोग और भेषज प्रशस्त गुणता अर्थात् सादगुण्य से व्याधि का नाश होना

व्याख्या (Definition)

- **बुद्धिः पश्यति या भावान् बहुकारणयोगजान्।**
  युक्तिस्त्रिकाला सा ज्ञेया त्रिवर्गः साध्यते यया।। च.सू. 11.25

जो बुद्धि अनेक कारणों के योग से उत्पन्न हुए भावों को देखती है, वह युक्ति है। यह युक्ति त्रैकालिक होती है और इसके द्वारा त्रिवर्ग अर्थात् धर्म, अर्थ तथा काम इन तीनों की सिद्धि होती है।

सात त्रिविध भेद वाले विषय
(Seven subjects having three types)

- **अथ खलु त्रय उपस्तम्भाः, त्रिविधं बलं, त्रीण्यातनानि, त्रयो रोगाः, त्रयो रोगमार्गाः, त्रिविधा भिषजः, त्रिविधमौषधमिति।।**

च.सू. 11.34

विषय	त्रिविध भेद		
उपस्तम्भ	आहार	स्वप्न	ब्रह्मचर्य
बल	सहज	कालज	युक्तिकृत
आयतन	इन्द्रियार्थ, कर्म एवं काल का अतियोग	इन्द्रियार्थ, कर्म एवं काल का अयोग	इन्द्रियार्थ, कर्म एवं काल का मिथ्या-योग
रोग	निज	आगन्तु	मानस
रोगमार्ग	शाखा	मर्मास्थिसन्धि	कोष्ठ

विषय	त्रिविध भेद		
भिषक्	छद्मचर	सिद्धसाधित	वैद्यगुणयुक्त
औषध	दैवव्यपाश्रय	युक्तिव्यपाश्रय	सत्त्वावजय

त्रय उपस्तम्भ (Three upastambhas - sub-pillars)

- त्रय उपस्तम्भा इति-आहारः, स्वप्नो, ब्रह्मचर्यमिति।

च.सू. 11.35

त्रिविध उपस्तम्भ		
आहार	स्वप्न	ब्रह्मचर्य

त्रिविध बल (Three types of bala - strength)

- त्रिविधं बलमिति-सहजं, कालजं, युक्तिकृतं च। सहजं यच्छरीरसत्त्वयोः प्राकृतं, कालकृतमृतुविभागजं वयःकृतं च, युक्तिकृतं पुनस्तद्यदाहारचेष्टायोगजम्।। च.सू. 11.36

त्रिविध बल		
सहज बल	कालज बल	युक्तिकृत बल

त्रिविध आयतन (Three ayatanas - etiological factors)

- त्रीण्यायतनानीति-अर्थानां कर्मणः कालस्य चातियोगा-योगमिथ्यायोगाः।

च.सू. 11.37

त्रिविध आयतन		
अर्थ, कर्म और काल का अतियोग	अर्थ, कर्म और काल का अयोग	अर्थ, कर्म और काल का मिथ्यायोग

त्रिविध रोग (Three types of rogas - diseases)

- त्रयो रोगा इति-निजागन्तुमानसाः। तत्र निजः शारीरदोष-समुत्थः, आगन्तुर्भूतविषवाय्वग्निसंप्रहारादिसमुत्थः, मानसः पुनरिष्टस्य लाभाल्लाभाच्चानिष्टस्योपजायते।। च.सू. 11.45

त्रिविध रोग		
निज	आगन्तु	मानस

त्रिविध रोगमार्ग

(Three roga - margas - disease pathways)

- त्रयो रोगमार्गा इति-शाखा, मर्मास्थिसन्धयः, कोष्ठश्च।

च.सू. 11.48

त्रिविध रोगमार्ग		
शाखा	मर्मास्थिसन्धि	कोष्ठ
बाह्य रोगमार्ग	मध्यम रोगमार्ग	आभ्यन्तर रोगमार्ग

शाखा (Extremities)

- तत्र शाखा रक्तादयो धातवस्त्वक् च, स बाह्यो रोगमार्गः।

च.सू. 11.48

- तत्र, गण्डपिडकालज्यपचीचर्मकीलाधिमांसमषककुष्ठव्यंगादयो विकारा बहिर्मार्गजाश्च विसर्पश्वयथुगुल्मार्शोविद्रध्यादयः शाखानुसारिणो भवन्ति रोगाः। च.सू. 11.49

मर्मास्थिसन्धि (Vital parts, bones & joints)

- मर्माणि पुनर्बस्तिहृदयमूर्धादीनि, अस्थिसन्ध्योऽस्थिसंयोगास्तत्रोपनिबद्धाश्च स्नायुकण्डराः, स मध्यमो रोगमार्गः। च.सू. 11.48
- पक्षवधग्रहापतानकार्दितशोषराजयक्ष्मास्थिसन्धिशूलगुदभ्रंशादयः शिरोहृद्बस्तिरोगादयश्च मध्यममार्गानुसारिणो भवन्ति रोगाः। च.सू. 11.49

कोष्ठ (Abdominal cavity)

- कोष्ठः पुनरुच्यते महास्रोतः शरीरमध्यं महानिम्नमामपक्वाशयश्चेति पर्यायशब्दैस्तन्त्रे, स रोगमार्ग आभ्यन्तरः। च.सू. 11.48
- ज्वरातीसारच्छर्द्यलसकविसूचिकाकासश्वासहिक्कानाहोदरप्लीहादयोऽन्तर्मार्गजाश्च विसर्पश्वयथुगुल्मार्शोविद्रध्यादयः कोष्ठानुसारिणो भवन्ति रोगाः। च.सू. 11.49

रोगमार्ग	समाविष्ट अवयव	रोग
शाखा	रक्तादि धातु और त्वचा	- गण्ड - पिडका - अलजी- अपची - चर्मकील- अधि- मांस-मषक-कुष्ठ-व्यंग -विसर्प-श्वयथु- गुल्म- अर्श-विद्रधि आदि।
मर्मास्थि-सन्धि	बस्ति, हृदय, मूर्धा आदि मर्मस्थान, अस्थिसन्धि, अस्थि संयोग और इनसे सम्बद्ध स्नायु और कण्डरा	-पक्षवध-पक्षग्रह-अपतान- क-अर्दित-शोष -राज- यक्ष्मा-अस्थिशूल- सन्धिशूल-गुदभ्रंश आदि।
कोष्ठ	महास्रोत, शरीरमध्य, महानिम्न, आमाशय, पक्वाशय-पर्याय	- ज्वर-अतिसार-छर्दि- अलसक-विसूचिका- कास-श्वास-हिक्का- आनाह-उदर-प्लीहा- विसर्प-श्वयथु-गुल्म- अर्शोरोग-विद्रधि

त्रिविध भिषक् (Three types of bhishak - physicians)

1. छद्मचर भिषक 2. सिद्धसाधित भिषक् 3. वैद्यगुणयुक्त भिषक्

त्रिविध औषध (Three types of aushadha - medicines)

- त्रिविधमौषधमिति-दैवव्यपाश्रयं, युक्तिव्यपाश्रयं, सत्त्वावजयश्च। च.सू. 11.54

त्रिविध औषध		
दैवव्यपाश्रय	युक्तिव्यपाश्रय	सत्त्वावजय

दैवव्यपाश्रय चिकित्सा (Spiritual therapy)

- तत्र दैवव्यपाश्रयं-मन्त्रौषधिमणिमंगलबल्युपहारहोमनियमप्रायश्चित्तोपवासस्वस्त्ययनप्रणिपातगमनादि। च.सू. 11.54

युक्तिव्यपाश्रय चिकित्सा (Reasoning based therapy)

- युक्तिव्यपाश्रयं-पुनराहारौषधद्रव्याणां योजना। च.सू. 11.54

सत्त्वावजय चिकित्सा (Psychic therapy)

- सत्त्वावजयः-पुनरहितेभ्योऽर्थेभ्यो मनोनिग्रहः।। च.सू. 11.54

कर्म (Karma - action)

- कर्म वाङ्मनःशरीरप्रवृत्तिः। च.सू. 11.39

वाणी, मन और शरीर की चेष्टाओं को कर्म कहते हैं।

काल (Kala - schedule)

- शीतोष्णवर्षलक्षणाः पुनर्हेमन्तग्रीष्मवर्षाः संवत्सरः; स कालः। कालः पुनः परिणाम उच्यते।। च.सू. 11.42

काल का अर्थ परिमाण है।

त्रिविध औषध (Three types of aushadha - treatment)

- शरीरदोषप्रकोपे खलु शरीरमेवाश्रित्य प्रायशस्त्रिविधमौषधमिच्छन्ति-अन्तः परिमार्जनं, बहिः परिमार्जनं, शस्त्रप्रणिधानं चेति। च.सू. 11.55

त्रिविध औषध		
अन्तः परिमार्जन	बहिः परिमार्जन	शस्त्रप्रणिधान

अन्तःपरिमार्जन औषध (Internal cleansing therapy)

- तत्रान्तः परिमार्जनं यदन्तः शरीरमनुप्रविश्यौषधमाहारजातव्याधीन् प्रमार्ष्टि। च.सू. 11.55

बहिःपरिमार्जन औषध (External cleansing therapy)

- यत्पुनर्बहिःस्पर्शमाश्रित्याभ्यंगस्वेदप्रदेहपरिषेकोन्मर्दनाद्यैरामयान् प्रमार्ष्टि तद्बहिःपरिमार्जनम्। च.सू. 11.55

शस्त्रप्रणिधान औषध (Surgical therapy)

- शस्त्रप्रणिधानं पुनश्छेदनभेदनव्यधनदारणलेखनोत्पाटनप्रच्छनसीवनैषणक्षारजलौकसश्चेति।। च.सू. 11.55

• • •

12. वातकलाकलीयाध्याय

कुल श्लोक संख्या-17

वातदोष विषयक सम्भाषा परिषद्
(Conference for vata dosha)

इस परिषद् में 8 आचार्य उपस्थित थे। यथा –

1. सांकृत्यायन कुश
2. कुमारशिरा भरद्वाज
3. कांकायन
4. बडिश धामार्गव
5. राजर्षि वार्योविद्
6. मरीचि
7. काप्य
8. आत्रेय।

सांकृत्यायन कुश मतेन वात के 6 गुण
(Qualities of vata dosha)

- रूक्षलघुशीतदारुणखरविशदाः षडिमे वातगुणा भवन्ति।।

च.सू. 12.4

1. रूक्ष (dry)
2. लघु (light)
3. शीत (cold)
4. दारुण (unstability)
5. खर (rough)
6. विशद (clear)

राजर्षि वार्योविद् मतेन वात के कर्म
(Functions of vata dosha)

- वायुस्तन्त्रयन्त्रधरः, प्राणोदानसमानव्यानापानात्मा, प्रवर्तकश्चेष्टानामुच्चावचानां, नियन्ता प्रणेता च मनसः, सर्वेन्द्रियाणामुद्योजकः, सर्वेन्द्रियार्थानामभिवोढा, सर्वशरीरधातुव्यूहकरः, सन्धानकरः शरीरस्य, प्रवर्तको वाचः, प्रकृतिः स्पर्शशब्दयोः, श्रोत्रस्पर्शनयोर्मूलं, हर्षोत्साहयोर्योनिः, समीरणोऽग्नेः, दोषसंशोषणः, क्षेप्ता बहिर्मलानां, स्थूलाणुस्रोतसां भेत्ता, कर्ता गर्भाकृतीनाम्, आयुषोऽनुवृत्तिप्रत्ययभूतो भवत्यकुपितः।

च.सू. 12.8

वायु के पर्याय (Synonyms of vata)

- स हि भगवान् प्रभवश्चाव्ययश्च, भूतानां भावाभावकरः, सुखासुखयोर्विधाता, मृत्युः, यमः, नियन्ता, प्रजापतिः, अदितिः, विश्वकर्मा, विश्वरूपः, सर्वगः, सर्वतन्त्राणां विधाता, भावानामणुः, विभुः, विष्णुः, क्रान्ता लोकानां वायुरेव भगवानिति।।

च.सू. 12.8

प्रभव	अव्यय	भावाभावकर	सुखासुख का विधाता	मृत्यु	यम
नियन्ता	प्रजापति	अदिति	विश्वकर्मा	विश्वरूप	सर्वग
सर्वतन्त्रों का विधाता	सभी भावों में अणु	विभु	विष्णु	लोकक्रान्ता	भगवान्

• • •

13. स्नेहाध्याय

कुल श्लोक संख्या–100

स्नेह योनि (Origin of sneha - unctuous substance)

- **स्नेहानां द्विविधा सौम्य योनिः स्थावरजंगमा।।** च.सू. 13.9

स्नेह योनि	
स्थावर योनि	जंगम योनि

तिल तैल एवं एरण्ड तैल की प्रशंसा

(Qualities of tila oil & castor oil)

- **सर्वेषां तैलजातानां तिलतैलं विशिष्यते।**
  बलार्थे स्नेहने चाग्र्यमैरण्डं तु विरेचने।।
  (कटूष्णं तैलमैरण्डं वातश्लेष्महरं गुरु।
  कषायस्वादुतिक्तैश्च योजितं पित्तहन्त्रपि।।) च.सू. 13.12(1)

तिल तैल	सर्व तैलों में श्रेष्ठ
एरण्ड तैल	बल एवं स्नेहनार्थ श्रेष्ठ

सर्पि की श्रेष्ठता (Superiority of sarpi - clarified butter)

- सर्पिस्तैलं वसा मज्जा सर्वस्नेहोत्तमा मताः।
  एषु चैवोत्तमं सर्पिः संस्कारस्यानुवर्तनात्।। च.सू. 13.13

चतुर्विध स्नेहों में सर्पि सर्वोत्तम स्नेह है। इसका कारण है सर्पि का-संस्कारानुवर्तन

सर्पि के गुण (Qualities of sarpi - clarified butter)

- घृतं पित्तानिलहरं रसशुक्रौजसां हितम्।
  निर्वापणं मृदुकरं स्वरवर्णप्रसादनम्।। च.सू. 13.14

तैल के गुण (Qualities of taila - oil)

- मारुतघ्नं न च श्लेष्मवर्धनं बलवर्धनम्।
  त्वच्यमुष्णं स्थिरकरं तैलं योनिविशोधनम्।। च.सू. 13.15

वसा के गुण (Qualities of vasa - fat)

- विद्धभग्नाहतभ्रष्टयोनिकर्णशिरोरुजि।
  पौरुषोपचये स्नेहे व्यायामे चेष्यते वसा।। च.सू. 13.16

मज्जा के गुण (Qualities of majja - bone marrow)

- बलशुक्ररसश्लेष्ममेदोमज्जविवर्धनः।
  मज्जा विशेषतोऽस्थ्नां च बलकृत् स्नेहने हितः।। च.सू. 13.17

स्नेह	गुण
घृत	-पित्तानिलहर-रस, शुक्र एवं ओज के लिए हितकर-निर्वापण-मृदुकर-स्वर एवं वर्णप्रसादन
तैल	-वातघ्न-कफघ्न-बलवर्धन-त्वच्य-उष्ण-स्थिरकर-योनिविशोधन
वसा	- विद्ध, भग्न, आहत के लिए हितकर-योनिभ्रंशहर-कर्ण एवं शिरो वेदनाहर-पौरुष एवं उपचयकारक
मज्जा	- बलवर्धक-शुक्र, रस, कफ, मेद, मज्जा विवर्धन-अस्थि के लिए बलकर-स्नेहन

ऋतु के अनुसार स्नेह प्रयोग (Use of sneha as per seasons)

- सर्पिः शरदि पातव्यं वसा मज्जा च माधवे।
  तैलं प्रावृषि नात्युष्णशीते स्नेहं पिबेन्नरः।। च.सू. 13.18

ऋतु	स्नेह प्रयोग
शरद् ऋतु	घृत
प्रावृट् ऋतु	तैल
वसन्त ऋतु	वसा
वसन्त ऋतु	मज्जा

स्नेह की विचारणायें-24 (Twenty four recipes for sneha)

- ओदनश्च विलेपी च रसो मांसं पयो दधि।
  यवागूः सूपशाकौ च यूषः काम्बलिकः खडः।।
  सक्तवस्तिलपिष्टं च मद्यं लेहास्तथैव च।
  भक्ष्यमभ्यञ्जनं बस्तिस्तथा चोत्तरबस्तयः।।
  गण्डूषः कर्णतैलं च नस्तःकर्णाक्षितर्पणम्।
  चतुर्विंशतिरित्येताः स्नेहस्य प्रविचारणाः।। च.सू. 13.23-25

ओदन	विलेपी	मांसरस	पयः	दधि	यवागु
सूप	शाक	यूष	काम्बलिक	खड	सक्तु
तिलपिष्ट	मद्य	लेह	भक्ष्य	अभ्यञ्जन	बस्ति
उत्तरबस्ति	गण्डूष	कर्णतैल	नस्यकर्म	कर्णतर्पण	अक्षि तर्पण

स्नेह की मात्रा (Dosage of sneha)

- अहोरात्रमहः कृत्स्नमर्धाहं च प्रतीक्षते।
  प्रधाना मध्यमा ह्रस्वा स्नेहमात्रा जरां प्रति।। च.सू. 13.29

प्रधान मात्रा	अहोरात्र में पचनेवाली (24 घण्टे)
मध्यम मात्र	एक दिन में पचनेवाली (12 घण्टे)
ह्रस्व मात्रा	आधे दिन में पचनेवाली (6 घण्टे)

स्नेहन के योग्य

(Conditions fit for snehana - unction therapy)

- स्वेद्याः शोधयितव्याश्च रूक्षा वातविकारिणः।
  व्यायाममद्यस्त्रीनित्याः स्नेह्याः स्युर्ये च चिन्तकाः।। च.सू. 13.52

– स्वेदन के योग्य–संशोधन के योग्य–रूक्ष–वातविकार से त्रस्त–व्यायाम, मद्य एवं स्त्री का नित्य सेवन करनेवाले–चिन्तक

स्नेहन के अयोग्य

(Conditions unfit for snehana - unction therapy)

- संशोधनादृते येषां रूक्षणं संप्रवक्ष्यते।
  न तेषां स्नेहनं शस्तमुत्सन्नकफमेदसाम्।।
  अभिष्यण्णाननगुदा नित्यमन्दाग्नयश्च ये।
  तृष्णामूर्च्छापरीताश्च गर्भिण्यस्तालुशोषिणः।।
  अन्नद्विषश्छर्दयन्तो जठरामगरार्दिताः।
  दुर्बलाश्च प्रतान्ताश्च स्नेहग्लाना मदातुराः।।
  न स्नेह्या वर्तमानेषु न नस्तोबस्तिकर्मसु।
  स्नेहपानात् प्रजायन्ते तेषां रोगाः सुदारुणाः।। च.सू. 13.53-56

– संशोधन के बिना रूक्षण के योग्य – मुख एवं गुद से स्राव – नित्य मन्दाग्नि से त्रस्त – तृष्णा – मूर्च्छा – गर्भिणी – तालुशोष – अन्नद्वेष – छर्दि – उदर रोग – गर विष से पीड़ित – दुर्बल – ग्लानियुक्त – स्नेहग्लान – मद के आतुर

सम्यक् स्नेहन के लक्षण

(Features of appropriate snehana)

- वातानुलोम्यं दीप्तोऽग्निर्वर्चः स्निग्धमसंहतम्।
  मार्दवं स्निग्धता चांगे स्निग्धानामुपजायते।। च.सू. 13.58

– वातानुलोमन – अग्निदीप्ति – स्निग्ध एवं असंहत पुरीषता – अंगों की मृदुता एवं स्निग्धता

अस्निग्ध के लक्षण

(Features of inappropriate snehana)

- पुरीषं ग्रथितं रूक्षं वायुरप्रगुणो मृदुः।
  पक्ता खरत्वं रौक्ष्यं च गात्रस्यास्निग्धलक्षणम्।। च.सू. 13.57

– ग्रथित एवं रूक्ष पुरीष–वायु का विलोम – जठराग्नि की मृदुता – खरत्व – रौक्ष्य

अतिस्निग्ध के लक्षण (Features of excessive snehana)

- पाण्डुता गौरवं जाड्यं पुरीषस्याविपक्वता।
  तन्द्रीररुचिरुत्क्लेशः स्यादतिस्निग्धलक्षणम्।। च.सू. 13.59

– पाण्डुता – गौरव – जाड्य – पुरीष की अविपक्वता– तन्द्रा – अरुचि – उत्क्लेश

संशमन एवं संशोधन स्नेह का काल

(Schedule for samshamana and samshodhana snehas)

- पिबेत् संशमनं स्नेहमन्नकाले प्रकांक्षितः।
  शुद्ध्यर्थं पुनराहारे नैशे जीर्णे पिबेन्नरः।। च.सू. 13.61

संशमन स्नेह का काल	अन्न के समय भूख लगने पर
संशोधन स्नेह का काल	रात्रि में भुक्त भोजन के पचन के बाद

कोष्ठ परीक्षा (Examination of koshtha)

- मृदुकोष्ठस्त्रिरात्रेण स्निह्यत्यच्छोपसेवया।
  स्निह्यति क्रूरकोष्ठस्तु सप्तरात्रेण मानवः।। च.सू. 13.65
  - मृदु कोष्ठः जिसका स्नेहन 3 दिन में होता है।
  - क्रूर कोष्ठः जिसका स्नेहन 7 दिन में होता है।

स्नेहव्यापत् चिकित्सा (Treatment of snehavyapat)

- तत्राप्युल्लेखनं शस्तं स्वेदः कालप्रतीक्षणम्।
  प्रति प्रति व्याधिबलं बुद्ध्वा स्रंसनमेव च।।
  तक्रारिष्टप्रयोगश्च रूक्षपानान्नसेवनम्।
  मूत्राणां त्रिफलायाश्च स्नेहव्यापत्तिभेषजम्।। च.सू. 13.77–78

– उल्लेखन – स्वेदन – काल प्रतीक्षा – विरेचन – तक्रारिष्ट प्रयोग – रूक्ष अन्नपान – गोमूत्र सेवन – त्रिफला सेवन

पाञ्चप्रासृतिकी पेया (Pancha-prasrtiki peya)

- सर्पिस्तैलवसामज्जातण्डुलप्रसृतैः शृ(कृ)ता।
  पाञ्चप्रासृतिकी पेया पेया स्नेहनमिच्छता।। च.सू. 13.90

घृत + तैल + वसा + मज्जा + तण्डुल

• • •

14. स्वेदाध्याय

कुल श्लोक संख्या-71

स्वेदन की दोषघ्नता
(Dosha pacifying action of swedana)

- स्वेदसाध्याः प्रशाम्यन्ति गदा वातकफात्मकाः।। च.सू. 14.3

स्नेहनपूर्वक स्वेदन के लाभ
(Benefits of swedana preceded by snehana)

- स्नेहपूर्वं प्रयुक्तेन स्वेदेनावजितेऽनिले।
  पुरीषमूत्ररेतांसि न सज्जन्ति कथंचन।। च.सू. 14.4
  - वातशमन
  - पुरीष, मूत्र एवं शुक्र का सम्यक् सञ्चार।

स्वेदनकर्म की प्रशंसा (Praise for swedana karma)

- शुष्काण्यपि हि काष्ठानि स्नेहस्वेदोपपादनैः।
  नमयन्ति यथान्यायं किं पुनर्जीवतो नरान्।। च.सू. 14.5

विधिवत् स्नेहन एवं स्वेदन करने से जब सूखी लकड़ियां भी इच्छानुसार झुकाई जा सकती हैं तो जीवित पुरुष के अंगावयवों की तो बात ही क्या है।

स्वेदन के भेद (Classification of swedana)

- **प्रथम भेद**

  1. महान् स्वेद 2. दुर्बल स्वेद 3. मध्यम स्वेद

- **द्वितीय भेद**

  1. स्निग्ध-रुक्ष स्वेद (वातकफज रोग में)
  2. स्निग्ध स्वेद (वातज रोग में)
  3. रुक्ष स्वेद (कफज रोग में)

- **तृतीय भेद**

  1. रूक्षपूर्वक स्वेदन (आमाशयगत वात में)
  2. स्नेहपूर्वक स्वेदन (पक्वाशयगत कफ में)

स्थान भेद से स्वेदन (Swedana - as per the body parts)

- **वृषणौ हृदयं दृष्टी स्वेदयेन्मृदु नैव वा।**
  मध्यमं वंक्षणौ शेषमंगावयवमिष्टतः।। च.सू. 14.10

मृदु स्वेदन / न स्वेदन	- वृषण - हृदय - दृष्टि
मध्यम स्वेदन	वंक्षण

सम्यक् स्वेदन के लक्षण
(Features of appropriate swedana)

- **शीतशूलव्युपरमे स्तम्भगौरवनिग्रहे।**
  संजाते मार्दवे स्वेदे स्वेदनाद्विरतिर्मता।। च.सू. 14.13

  - शीत एवं शूल का नाश - स्तम्भ एवं गौरव का नाश - अंगों की मृदुता-स्वेदप्रवृत्ति

अतिस्वेदन के लक्षण (Features of excessive swedana)

- **पित्तप्रकोपो मूर्च्छा च शरीरसदनं तृषा।**
  दाहः स्वरांगदौर्बल्यमतिस्विन्नस्य लक्षणम्।। च.सू. 14.14

  - पित्तप्रकोप - मूर्च्छा - शरीरसदन - तृष्णा - दाह - स्वर दौर्बल्य - अंग दौर्बल्य

स्वेदन के अयोग्य (Contra-indications for swedana)

- **कषायमद्यनित्यानां गर्भिण्या रक्तपित्तिनाम्।**
  पित्तिनां सातिसाराणां रूक्षाणां मधुमेहिनाम्।।
  विदग्धभ्रष्टब्रध्नानां विषमद्यविकारिणाम्।
  श्रान्तानां नष्टसंज्ञानां स्थूलानां पित्तमेहिनाम्।।
  तृष्यतां क्षुधितानां च क्रुद्धानां शोचतामपि।
  कामल्युदरिणां चैव क्षतानामाढ्यरोगिणाम्।।

दुर्बलातिविशुष्काणामुपक्षीणौजसां तथा।
भिषक् तैमिरिकाणां च न स्वेदमवतारयेत्।। च.सू. 14.16-19

– कषाय एवं मद्य का नित्य सेवन करनेवाले – गर्भिणी – रक्तपित्त, पित्त, अतिसार, रूक्ष, मधुमेह से पीड़ित – विदग्ध और भ्रष्ट गुदवाले – विष एवं मद्य से पीड़ित – श्रान्त – नष्टसंज्ञा – स्थूल – पित्तज प्रमेह – तृष्णा – क्षुधित – क्रुद्ध – शोकग्रस्त – कामला – उदररोग – क्षत – आढ्यरोग से ग्रस्त – दुर्बल – अतिविशुष्क – ओज:क्षय – तिमिर रोगी

स्वेदन के योग्य (Indications for swedana)

- प्रतिश्याये च कासे च हिक्काश्वासेष्वलाघवे।
कर्णमन्याशिर:शूले स्वरभेदे गलग्रहे।।
अर्दितैकांगसर्वांगपक्षाघाते विनामके।
कोष्ठानाहविबन्धेषु मूत्राघाते विजृम्भके।।
पार्श्वपृष्ठकटीकुक्षिसंग्रहे गृध्रसीषु च।
मूत्रकृच्छ्रे महत्त्वे च मुष्कयोरंगमर्दके।।
पादजानूरुजंघार्तिसंग्रहे श्वयथावपि।
खल्लीष्वामेषु शीते च वेपथौ वातकण्टके।।
संकोचायामशूलेषु स्तम्भगौरवसुप्तिषु।
सर्वांगेषु विकारेषु स्वेदनं हितमुच्यते।। च.सू. 14.20-24

– प्रतिश्याय – कास – हिक्का – श्वास – अलाघवता – कर्णशूल – मन्याशूल – शिर:शूल – स्वरभेद – गलग्रह – अर्दित – एकांग पक्षाघात – सर्वांग पक्षाघात – विनामक – कोष्ठ – आनाह – विबन्ध – मूत्राघात – विजृम्भिका – पार्श्वग्रह – पृष्ठग्रह – कटीग्रह – कुक्षिग्रह – गृध्रसी – मूत्रकृच्छ्र – अण्डवृद्धि – अंगमर्द – पाद, जानु, ऊरु एवं जंघा में वेदना – श्वयथु – खल्ली – आमदोष – शीत – वेपथु – वातकण्टक – संकोच – आयाम – शूल – स्तम्भ – गौरव – सुप्ति

स्वेदन के त्रयोदश भेद (Thirteen types of swedana)

- संकर: प्रस्तरो नाडी परिषेकोऽवगाहनम्।
जेन्ताकोऽश्मघन: कर्षू: कुटी भू: कुम्भिकैव च।।
कूपो होलाक इत्येते स्वेदयन्ति त्रयोदश।
तान् यथावत् प्रवक्ष्यामि सर्वानेवानुपूर्वश:।। च.सू. 13.39-40

1. संकर स्वेद	2. प्रस्तर स्वेद	3. नाडी स्वेद
4. परिषेक स्वेद	5. अवगाह स्वेद	6. जेन्ताक स्वेद
7. अश्मघन स्वेद	8. कर्षू स्वेद	9. कुटी स्वेद
10. भू स्वेद	11. कुम्भि स्वेद	12. कूप स्वेद
13. होलाक स्वेद		

दशविध निरग्नि स्वेद (Ten types of niragni sweda)

- व्यायाम उष्णसदनं गुरुप्रावरणं क्षुधा।

बहुपानं भयक्रोधावुपनाहाहवातपाः।।
स्वेदयन्ति दशैतानि नरमग्निगुणादृते। च.सू. 14.64-65

स्वेदन के द्विविध भेद

(Two-fold classification of swedana)

साग्नि स्वेद	निरग्नि स्वेद
1. संकर स्वेद	1. व्यायाम
2. प्रस्तर स्वेद	2. उष्णसदन
3. नाडी स्वेद	3. गुरुप्रावरण
4. परिषेक स्वेद	4. क्षुधा
5. अवगाह स्वेद	5. बहुपान
6. जेन्ताक स्वेद	6. भय
7. अश्मघन स्वेद	7. क्रोध
8. कर्षू स्वेद	8. उपनाह
9. कुटी स्वेद	9. आहव
10. भू स्वेद	10. आतप
11. कुम्भि स्वेद	
12. कूप स्वेद	
13. होलाक स्वेद	

स्वेदन के अन्य द्विविध भेद

(Other two-fold classification of swedana)

1. एकांग स्वेदन 2. सर्वांग स्वेदन

1. स्निग्ध स्वेदन 2. रुक्ष स्वेदन

• • •

15. उपकल्पनीयाध्याय

कुल श्लोक संख्या–25

वमनकर्म (Methodology of vamana karma)

- स्नेहन एवं स्वेदन आदि पूर्वकर्म
- मधु + मधुक + सैन्धव + फाणित से युक्त मदनफल कषाय पान
- एक मुहूर्त पर्यन्त प्रतिक्षा करना
- लक्षण द्वारा दोष की स्थिति का ज्ञान
  - स्वेदप्रादुर्भाव: दोष प्रविलयन
  - लोमहर्ष: दोषों का स्थान से प्रचलन
  - कुक्षि आध्मान: दोषों का कुक्षि प्रदेश में आगमन
  - – हृल्लास – आस्य स्रवण: दोषों का ऊर्ध्व मार्ग में गमन
- रोगी के ललाट एवं पार्श्व को पकड़ कर नाभि का प्रपीडन, पृष्ठ का उन्मर्दन करें

- ओष्ठ, तालु एवं कण्ठ को खोलकर वेग का त्याग करें
- तर्जनी एवं मध्यमा अंगुली / उत्पल / कुमुद / सौगन्धिक द्वारा कण्ठ स्पर्श कर वेग प्रवृत्त करें।

वमन अयोग के लक्षण

(Features of inappropriate vamana)

- **अप्रवृत्तिः कुतश्चित् केवलस्य वाऽप्यौषधस्य विभ्रंशो विबन्धो वेगानामयोगलक्षणानि भवन्ति।** च.सू. 15.13

  – वमन की अप्रवृत्ति – केवल औषधि का वमन – विभ्रंश–विबन्ध

वमन सम्यक् योग के लक्षण

(Features of appropriate vamana)

- **काले प्रवृत्तिरनतिमहती व्यथा यथाक्रमं दोषहरणं स्वयं चावस्थानमिति योगलक्षणानि भवन्ति, योगेन तु दोषप्रमाणविशेषेण तीक्ष्णमृदुमध्यविभागो ज्ञेयः।** च.सू. 15.13

  – वेगों का उचित समय पर प्रवृत्त होना – न अतिमहती व्यथा – यथाक्रम दोषहरण – त्याग के उपरान्त वेगों का स्वयं रुक जाना

वमन अतियोग के लक्षण (Features of excessive vamana)

- **योगाधिक्येन तु फेनिलरक्तचन्द्रिकोपगमनमित्यतियोगलक्षणानि भवन्ति।** च.सू. 15.13

  – फेनिल, रक्त एवं चन्द्रिकायुक्त वमन

वमन के उपद्रव (Complications of vamana)

- तत्रातियोगायोगनिमित्तानिमानुपद्रवान् विद्यात्-आध्मानं परिकर्तिका परिस्रावो हृदयोपसरणमंगग्रहो जीवादानं विभ्रंशः स्तम्भः क्लमश्चेत्युपद्रवाः।। च.सू. 15.13

आध्मान	परिकर्तिका	परिस्राव	हृदयोपसरण	अंगग्रह
जीवादान	विभ्रंश	स्तम्भ	क्लम	

संशोधन का लाभ (Benefits of samshodhana)

- मलापहं रोगहरं बलवर्णप्रसादनम्।
  पीत्वा संशोधनं सम्यगायुषा युज्यते चिरम्।। च.सू. 15.22

– मलापह – रोगहर – बल एवं वर्ण का प्रसादन – सम्यक् आयु-चिरायु

• • •

16. चिकित्साप्राभृतीयाध्याय

कुल श्लोक संख्या-41

सम्यक् विरिक्त के लक्षण
(Features of appropriate virechana)

- दौर्बल्यं लाघवं ग्लानिर्व्याधीनामणुता रुचिः।
  हृद्वर्णशुद्धिः क्षुत्तृष्णा काले वेगप्रवर्तनम्।।
  बुद्धीन्द्रियमनःशुद्धिर्मारुतस्यानुलोमता।
  सम्यग्विरिक्तलिंगानि कायाग्नेश्चानुवर्तनम्।। च.सू. 16.5-6

– दौर्बल्य – लाघव – ग्लानि – व्याधि की अणुता – रुचि – हृदय एवं वर्ण की शुद्धि – क्षुधा – तृष्णा – सम्यक् काल में वेगों का प्रवर्तन – बुद्धि, इन्द्रिय एवं मन की शुद्धि – वायु का अनुलोमन-काय का अनुवर्तन

अविरिक्त के लक्षण
(Features of inappropriate virechana)

- ष्ठीवनं हृदयाशुद्धिरुत्क्लेशः श्लेष्मपित्तयोः।

आध्मानमरुचिश्छर्दिरदौर्बल्यमलाघवम्।।
जंघोरुसदनं तन्द्रा स्तैमित्यं पीनसागमः।
लक्षणान्यविरिक्तानां मारुतस्य च निग्रहः।। च.सू. 16.7-8

- ष्ठीवन - हृदय अशुद्धि - कफपित्त का उत्क्लेश - आध्मान - अरुचि - छर्दि - अदौर्बल्य - अलाघव - जंघा एवं उरु सदन - तन्द्रा - स्तैमित्य - पीनस - वायु का निग्रह

विरेचन अतियोग के लक्षण
(Features of excessive virechana)

- विट्पित्तकफवातानामागतानां यथाक्रमम्।
परं स्रवति यद्रक्तं मेदोमांसोदकोपमम्।
निःश्लेष्मपित्तमुदकं शोणितं कृष्णमेव वा।
तृष्यतो मारुतार्तस्य सोऽतियोगः प्रमुह्यतः।। च.सू. 16.9-10

- क्रमशः पुरीष, पित्त, कफ और वायु के निर्गमन के पश्चात् मेद एवं मांसोदक सदृश रक्त प्रवृत्ति - निःश्लेष्मपित्त उदक का स्राव - कृष्ण वर्णीय रक्तस्राव - तृष्णा - वातरोग - मूर्च्छा

वमन अतियोग के लक्षण (Features of excessive vamana)

- वमनेऽतिकृते लिंगान्येतान्येव भवन्ति हि।
ऊर्ध्वगा वातरोगाश्च वाग्ग्रहश्चाधिको भवेत्।। च.सू. 16.11

- विरेचन के अतियोग के लक्षण - ऊर्ध्वग वातरोग - वाग्ग्रह

संशोधन के योग्य (Indications for samshodhana)

- अविपाकोऽरुचिः स्थौल्यं पाण्डुता गौरवं क्लमः।
पिडकाकोठकण्डूनां संभवोऽरतिरेव च।।
आलस्यश्रमदौर्बल्यं दौर्गन्ध्यमवसादकः।
श्लेष्मपित्तसमुत्क्लेशो निद्रानाशोऽतिनिद्रता।।
तन्द्रा क्लैब्यमबुद्धित्वमशस्तस्वप्नदर्शनम्।
बलवर्णप्रणाशश्च तृप्यतो बृंहणैरपि।।
बहुदोषस्य लिंगानि तस्मै संशोधनं हितम्।
ऊर्ध्वं चैवानुलोमं च यथादोषं यथाबलम्।। च.सू. 16.13-16

- अविपाक - अरुचि - स्थौल्य - पाण्डुता - गौरव - क्लम - पिडका - कोठ - कण्डु - आलस्य - श्रम - दौर्बल्य - दौर्गन्ध्य - अवसाद - कफ एवं पित्त का उत्क्लेश - निद्रानाश - अतिनिद्रा - तन्द्रा - क्लैब्य - अबुद्धित्व - अशस्त स्वप्न दर्शन - बल एवं वर्ण का प्रणाश आदि।

संशोधन के लाभ (Benefits of samshodhana)

- एवं विशुद्धकोष्ठस्य कायाग्निरभिवर्धते।
व्याधयश्चोपशाम्यन्ति प्रकृतिश्चानुवर्तते।।
इन्द्रियाणि मनोबुद्धिर्वर्णश्चास्य प्रसीदति।
बलं पुष्टिरपत्यं च वृषता चास्य जायते।।

जरां कृच्छ्रेण लभते चिरं जीवत्यनामयः।
तस्मात् संशोधनं काले युक्तियुक्तं पिबेन्नरः।।
दोषाः कदाचित् कुप्यन्ति जिता लंघनपाचनैः।
जिताः संशोधनैर्ये तु न तेषां पुनरुद्भवः।। च.सू. 16.17-20

- कायाग्नि का वर्धन - व्याधि का उपशमन - प्रकृति का अनुवर्तन - इन्द्रिय, मन, बुद्धि, वर्ण का प्रसादन - बल - पुष्टि - अपत्य - वृषता - जरावस्था देर से आना

- लंघन एवं पाचन द्वारा प्रशान्त दोष पुनः प्रकुपित हो सकते हैं किन्तु संशोधन द्वारा चिकित्सित दोष का पुनरुद्भव नहीं होता है।

भेषजक्षपित की चिकित्सा

(Treatment of those emaciated by medication)

- भेषजक्षपिते पथ्यमाहारैरेव बृंहणम्।
  घृतमांसरसक्षीरहृद्ययूषोपसंहितैः।।
  अभ्यंगोत्सादनैः स्नानैर्निरूहैः सानुवासनैः।
  तथा स लभते शर्म युज्यते चायुषा चिरम्।। च.सू. 16.22-23
  - पथ्य आहार
  - - घृत - मांसरस - क्षीर - हृद्य यूष आदि से बृंहण
  - - अभ्यंग - उत्सादन - स्नान - निरूहण - अनुवासन बस्ति

स्वभावोपरमवाद

(Swabhavoparamavada - Theory of self destruction)

- जायन्ते हेतुवैषम्याद्विषमा देहधातवः।
  हेतुसाम्यात् समास्तेषां स्वभावोपरमः सदा।। च.सू. 16.27

हेतु की विषमता के कारण देहस्थ समस्त धातुयें विषम हो जाती हैं और ये हेतु की समता के कारण सम हो जाती हैं। उक्त धातुओं का उपरम स्वभाव से ही होता है।

चिकित्सा एवं भिषक् (Chikitsa and Bhishak)

- याभिः क्रियाभिर्जायन्ते शरीरे धातवः समाः।
  सा चिकित्सा विकाराणां कर्म तद्भिषजां स्मृतम्।। च.सू. 16.34

जिन-जिन क्रियाओं द्वारा विषम हुए दोष शरीर में पुनः समानता को प्राप्त हों, वही रोगों की चिकित्सा है और वही वैद्यों का उत्तम कर्म है।

चिकित्सा का उद्देश्य (Aim of Chikitsa - treatment)

- कथं शरीरे धातूनां वैषम्यं न भवेदिति।
  समानां चानुबन्धः स्यादित्यर्थं क्रियते क्रिया।। च.सू. 16.35

चिकित्सा इसलिये की जाती है कि जिस प्रकार शरीर में धातुओं की विषमता न हो और समधातुओं का अनुबन्ध बना रहे।

• • •

17. कियन्त:शिरसीयाध्याय

कुल श्लोक संख्या-121

रोगादि भेद (Classification)

विषय	संख्या	भेद
शिरोरोग	5	- वातज-पित्तज-कफज-सन्निपातज-कृमिज
हृद्रोग	5	- वातज-पित्तज-कफज-सन्निपातज-कृमिज
दोषमान विकल्प से रोग-भेद	62	
क्षय	18	
मधुमेह पिडका	7	-शराविका-कच्छपिका-जालिनी-सर्षपी-अलजी-विनता-विद्रधि

विषय	संख्या	भेद
दोष गति	3	- क्षय-स्थान-वृद्धि
	3	- ऊर्ध्व-अध:-तिर्यक्
	3	- कोष्ठ-शाखा-मर्मास्थिसन्धि
	3	- चय-प्रकोप-प्रशम
	2	- प्राकृती-वैकृती

शिर: प्राधान्य (Superiority of shirah - head region)

- **प्राणा: प्राणभृतां यत्र श्रिता: सर्वेन्द्रियाणि च।**
  यदुत्तमांगमंगानां शिरस्तदभिधीयते।। च.सू. 17.12

जिसमें प्राणियों या प्राणधारियों के प्राण आश्रित रहते हैं, जहां सभी ज्ञानेन्द्रियां रहती हैं और जो शरीर के सभी अंगों में उत्तम अंग है-वह शिर कहा जाता है।

वृद्ध-क्षीण-सम दोषों के लक्षण
(Features of vrddha - kshina - sama doshas)

- **दोषा: प्रवृद्धा: स्वं लिंगं दर्शयन्ति यथाबलम्।**
  क्षीणा जहति लिंग स्वं, समा: स्वं कर्म कुर्वते।। च.सू. 17.62
  - प्रवृद्ध दोष: स्वयं के लक्षणों का दर्शाते हैं।
  - क्षीण दोष: स्वयं के लक्षणों का त्याग करते हैं।
  - सम दोष: स्वयं के कर्मों का सम्पादन करते हैं।

रसक्षय के लक्षण (Symptoms of rasa kshaya)

- घट्टते सहते शब्दं नोच्चैर्द्रवति शूल्यते।
  हृदयं ताम्यति स्वल्पचेष्टस्यापि रसक्षये।। च.सू. 17.64

रक्तक्षय के लक्षण (Symptoms of rakta kshaya)

- परुषा स्फुटिता म्लाना त्वग्रूक्षा रक्तसंक्षये। च.सू. 17.65

मांसक्षय के लक्षण (Symptoms of mamsa kshaya)

- मांसक्षये विशेषेण स्फिग्ग्रीवोदरशुष्कता।। च.सू. 17.65

मेदक्षय के लक्षण (Symptoms of meda kshaya)

- सन्धीनां स्फुटनं ग्लानिरक्ष्णोरायास एव च।
  लक्षणं मेदसि क्षीणे तनुत्वं चोदरस्य च।। च.सू. 17.66

अस्थिक्षय के लक्षण (Symptoms of asthi kshaya)

- केशलोमनखश्मश्रुद्विजप्रपतनं श्रमः।
  ज्ञेयमस्थिक्षये लिंगं सन्धिशैथिल्यमेव च।। च.सू. 17.67

मज्जाक्षय के लक्षण (Symptoms of majja kshaya)

- शीर्यन्त इव चास्थीनि दुर्बलानि लघूनि च।
  प्रततं वातरोगीणि क्षीणे मज्जनि देहिनाम्।। च.सू. 17.68

शुक्रक्षय के लक्षण (Symptoms of shukra kshaya)

- दौर्बल्यं मुखशोषश्च पाण्डुत्वं सदनं श्रमः।
  क्लैब्यं शुक्राविसर्गश्च क्षीणशुक्रस्य लक्षणम्।। च.सू. 17.69

पुरीषक्षय के लक्षण (Symptoms of purisha kshaya)

- क्षीणे शकृति चान्त्राणि पीडयन्निव मारुतः।
  रूक्षस्योन्नमयन् कुक्षिं तिर्यगूर्ध्वं च गच्छति।। च.सू. 17.70

मूत्रक्षय के लक्षण (Symptoms of mutra kshaya)

- मूत्रक्षये मूत्रकृच्छ्रं मूत्रवैवर्ण्यमेव च।
  पिपासा बाधते चास्य मुखं च परिशुष्यति।। च.सू. 17.71

मलायनों के मलक्षय के लक्षण

